तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025


13 पंच परिवर्तन व सप्तशक्ति संगम को जनव्यापी...



14 मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर मनाई गुरु...










## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में समस्त नगर पंचायत के 13 केंद्रों ने मिलकर सुपोषण चौपाल कार्यक्रम मनाया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिला काजल बारले और पेमिन निषाद की गोद भराई की गई। 6 माह पूर्ण हुए बच्चे गगन नेताम का अन्नप्राशन और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम भी हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं महिला बाल विकास विभाग की सभापति नेहा उपाध्याय, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद सूर्यकला ठाकुर, वार्ड 2 की पार्षद गायत्री देवांगन, वार्ड 9 की पार्षद रेवती कोलियारे, वार्ड 10 के पार्षद जगरू बघेल, वार्ड 13 के पार्षद अशोक उईके, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी सुनील कुमार साहू, चूमेंद्र साहू, नगर पंचायत के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांति निषाद, संगीता महंत, नीरा साहू, मेनका जगनायक, अंजुम बेगम, जया यादव, हेमिन सिन्हा , प्रभा बाई सिन्हा , लक्ष्मी मंडावी ,देवकी ठाकुर, प्रभादेवी सिन्हा , मंजूषा पांडे, हेमपुष्पा कंवर, आंगनवाड़ी सहायिका धरम कतलाम, गोमती निषाद, हंसी भंडारी सहित केंद्र की सभी हितग्राही और किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे।

### नशे की दवा के साथ 6 गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** नशे का अवैध कारोबार करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सभी हरनाबांधा दुर्ग निवासी जावेद उर्फ अमित, रूपेश मेश्राम, अमित श्रीवास्तव, गुलाब भौते, मंगल सारथी, महादेव साहू को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां, कफ सिरप और मोबाइल जब्त किए हैं। जिनकी कुल कीमत 46,313 रुपए आंकी गई है।

**कार्रवाई :** एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में संयुक्त जांच दल सक्रिय

# सनौद में 276 क्विंटल से अधिक अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ समर्थन मूल्य खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता पर प्रशासन का जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र पलारी (सनौद) में किसान फगुवाराम साहू द्वारा अवैध रूप से बिक्री करने हेतु लाए गए 168.80 क्विंटल अवैध धान को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। तहसीलदार हनुमंत श्याम ने बताया कि किसान फगुवाराम साहू द्वारा भूमि स्वामी फुलमत बाई के टोकन से 01 जनवरी 2026 को तौल कराने हेतु कुल 166.80 क्विंटल धान को धान खरीदी केन्द्र में ढेक करके रखा गया था। जिस पर ग्राम पलारी के अन्य कृषकों द्वारा आपत्ति दर्ज कर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। इसकी सूचना मिलने के उपरांत एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम द्वारा खाद्य एवं सहकारिता निरीक्षक तथा कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों के साथ धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर उक्त धान की जांच करने की कार्रवाई की गई।



तहसीलदार श्याम ने बताया कि जांच के उपरांत पाया गया कि 168.80 क्विंटल धान को धान खरीदी केन्द्र में अवैध रूप से धान बिक्री हेतु लाने वाले कृषक फगुवाराम साहू फुलमत बाई साहू के कृषि भूमि के रेग में बोते है। किसान फगुवाराम साहू ने धान खरीदी केन्द्र पलारी के प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू के कहने पर भूमि स्वामी फुलमत बाई साहू के नाम पर 01 जनवरी 2026 को कटे टोकन में उक्त धान को बिक्री करने हेतु आज दिनाँक 19 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र पलारी में ढेर करके रखा गया था। जिस पर किसानों द्वारा आपत्ति भी दर्ज की गई थी।

मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने जाँच प्रक्रिया को पूरी करने के उपरांत किसान फगुवाराम साहू द्वारा आज दिनाँक 19 दिसंबर को टोकन नही कटने के उपरांत भी नियम के विरूद्ध अवैधानिक रूप से 166.80 क्विंटल धान को धान खरीदी केन्द्र में भंडारित करने पर मंडी अधिनियम के तहत उक्त धान को जब्त करने की कार्रवाई की गई। जब्त किए गए 166.80 क्विंटल धान को धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी के सुपुर्दगी में दे दी गई है।

इसके अलावा आज कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मरकाटोला के फुटकर व्यापारी जितेन्द्र कुमार के गोदाम से 1900 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 02 लाख 05 हजार 200 रूपये की कीमत के कुल 108 क्विंटल धान जप्ती की कार्रवाई की गई।

## धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर दिव्या ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ निर्धारित वजन से अधिक पाए जाने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र गैंजी एवं डौण्डी विकासखण्ड के चिखलाकसा, कोटागांव, भरएँटोला एवं घोटिया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में दस्तावेजों का अवलोकन कर अब तक खरीदी गए कुल धान की मात्र, ग्रामवार धान की औसत पैदावार, रकबा समर्पण की स्थिति आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा ने नियमानुसार वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की शत प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारियों आदि से अवैध धान की खरीदी न की जाए। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को इसके लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा के निरीक्षण के दौरान खरीदी गए धान बोरों की तौल भी करवाया। मौके पर तौल कराए गए सभी 04 बोरों में धान की निर्धारित मात्र 40 किलो 680 ग्राम से अधिक लगभग 41 किलो ग्राम धान पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समिति प्रबंधक भगवान सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गैंजी ▶▶|शेष पेज 12 पर



## डुबान क्षेत्र के किसानों को मिलेगा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले के जलाशयों के तटीय क्षेत्रें में स्थित डुबान क्षेत्र के किसानों को भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना का समुचित लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में राजस्व, खाद्य, कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग के उप संचालक, जिला खाद्य अधिकारी के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक भू–अभिलेख और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को इस कार्य के अंतर्गत डुबान क्षेत्र में धान की फसल लेने वाले किसानों का 02 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पीवी एप्प में भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में आज से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके के मार्गदर्शन में दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार थीम के आधार पर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक किया जायेगा। जिसमें प्रथम दिवस 21 दिसम्बर दिन रविवार को बूथ स्तर पर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायएगी। इसी तरह द्वितीय व तृतीय दिवस 22 एवं 23 दिसम्बर को कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मार्च 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश प्रमाणीकरण किया जा चुका है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और ▶▶|शेष पेज 12 पर




## आवारा कुत्तों के टीकाकरण का अभियान तेज पहले चरण में 24 कुत्तों को लगाया गया टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा



नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शहर में आवारा कुत्तों के टीकाकरण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा एवं पशुधन विभाग चिखलाकसा, जिला बालोद की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न वार्डों ▶▶|शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप

### धान खरीदी नीति को लेकर अदूरदर्शिता का आरोप



**डोंडी।** आदिवासी युवा नेता बिरेंद उसेंडी ने प्रदेश सरकार पर अदूरदर्शिता धान खरीदी नीति के कारण किसान अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई धान को बेचने के लिए परेशान होने का आरोप लगाया है। छग धान का कटोरा कहलाता है जहां पर कृषि आधारित धान उत्पादन कर अपना जीवन यापन करते हैं। प्रदेश सरकार के अदुरदर्शिता पूर्ण धान खरीदी नीती के कारण किसान फसल काट कर अपने उत्पादन करने के बाद उसे बेचने जाता है तो पंजीयन, कभी एग्रीस्टेक तो कहीं रकबा संशोधन तो कहीं वन अधिकार मान्यता प्राप्त कृषि भूमि के नाम पर पटवारियों च्वाइस सेंटरों और कार्यालयों के चक्कर काट कर परेशान हो रहे हैं और साथ ही टोकन से भी कई किसान परेशान हैं।

### मकान से ब्रीफकेस पार करने वाला गार्ड गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला थाना क्षेत्र के ओल्ड नेहरू नगर में 17 दिसंबर की शाम अतुल कुमार अग्रवाल के मकान में चोरी हुई थी। कारोबारी ने मकान के सुरक्षा में तैनात प्राइवेट गार्ड पर चोरी का आरोप लगाया था। कारोबारी अतुल कारखाने से सीधे घर पहुंचा था। उसके हाथ में काला ब्रीफकेस था, जिसमें कंपनी के 2 लाख रुपए नगद, वोटर आईडी और कई दस्तावेज रखे थे। मकान पहुंचने पर उसने बाहर तैनात गार्ड सन्नी साहू को ब्रीफकेस ऊपर कमरे में पत्नी को देने के लिए कहा था। कुछ ही देर में ब्रीफकेस गायब हो गया और गार्ड भी मौके में नहीं था। पीड़ित ने सुपेला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संदिग्ध गार्ड सन्नी साहू निवासी वार्ड 18 जामुल को हिरासत में लिया।

# नगरपुरा में शिवरात्रि विशेष कथा का आयोजन, भक्ति और ज्ञान से भरपूर रहा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगरपुरा में आयोजित शिव कथा के चौथे दिन शिवरात्रि विशेष कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। शिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा गांव "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा और पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस दिन की कथा में शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व, व्रत, जागरण और शिव भक्ति पर विशेष प्रकाश डाला गया। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी ने बताया कि शिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव से एकाकार होने का अवसर है। कथा में सरोज रिंगारी जी और भूपेद रिंगारी उपस्थित रहे। मुख्य यजमानों में रिया लक्ष्मी साहू, लिकेश साहू, हेमंत देशमुख, बालकृष्ण निषाद और संदीप जैन जी ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। नगरपुरा सरपंच सोमेश्वर यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, प्रेमलता यादव, जूही संजय चौबे और प्रिया साहू ने कार्यक्रम के संचालन में सराहनीय योगदान दिया। पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत माया बेलचंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दुबे और अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक, भजन-

**भक्तिमय वातावरण और ग्रामीणों की सहभागिता**





कीर्तन और दीप प्रज्वलन के माध्यम से भगवान शिव की आराधना की। देर रात तक चले जागरण में भक्त भावविभोर होकर महादेव की भक्ति में लीन रहे। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी ने नील वर्मा–पद्मावती के प्रसंग के माध्यम से भक्ति, धैर्य और नारी मर्यादा का संदेश दिया। उन्होंने समझाया कि नील वर्मा अहंकार और सांसारिक लालच में उलझा हुआ था, जबकि पद्मावती शुद्ध चरित्र और संयम की प्रतीक हैं। कथा से यह शिक्षा मिलती है कि अहंकार विनाश लाता है, जबकि भक्ति, सत्य और संयम जीवन में विजय दिलाते हैं। पं. मिश्रा जी ने वर्तमान दौर पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत आत्मनिर्भर भारत योजना केवल आर्थिक मजबूती का संदेश नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति, स्वदेशी और स्वाभिमान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति आत्मनिर्भर होता है, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त बनते हैं।कथा में उन्होंने समय और व्यक्ति के महत्व पर भी जोर दिया। शिव तत्व हमें विनम्रता, संयम और समभाव का पाठ पढ़ाता है। अहंकार नहीं, आचरण बड़ा होना चाहिए। समय की कदर करने वाला और हर व्यक्ति को सम्मान देने वाला ही जीवन में आगे बढ़ता है। शिवरात्रि कथा के चौथे दिन ने यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति जीवन को प्रकाशमय करती है और धर्म, कर्म व राष्ट्र के मार्ग पर जीवन को सशक्त बनाती है। पूरे पंडाल में भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया गया।

## आयोजन : छात्राओं में ओपन कम्युनिकेशन और अधिकारों की जानकारी पर जोर दिया

# महाविद्यालय में महिलाओं की सुरक्षा विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर





शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न, घरेलू और कार्यस्थल पर हिंसा विषय पर जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से ऑनलाइन वर्कशॉप सुरक्षा का आयोजन किया गया।

■ घरेलू एवं कार्यस्थल पर हिंसा को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक

वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रओं में ओपन कम्युनिकेशन स्थापित करके कानूनी और स्वास्थ्य जनक सहायता प्रदान करना था। इसे ध्यान में रखते हुए इस विषय की विशेषज्ञ , काउंसलर और रिसर्च स्कॉलर डॉ. निशा गोस्वामी ने किसी भी प्रताड़ना की शिकार महिलाओं और छात्रओं को विभिन्न प्रकार के हैरेसमेंट को समझाया और स्वास्थ्य सम्बन्धित सहायताओं, अभिव्यक्ति ऐप, और काउंसलिंग के महत्व की जानकारी दी।

हाल ही में हुई कुछ ऐसी घटनाएं जिसमें महिलाओं द्वारा भी कुछ गैर कानूनी कदम उठाए गए, उन्होंने बताया कि ऐसे कृत्यों को भी उत्पीड़न श्रेणी में डाला गया है। क्योंकि कानून जेंडर पर आधारित नहीं है।

कवि दुष्यंत कुमार की इन पंक्तियों आज यह दीवार परदों की तरह हिलने लगी, शर्त यह थी की बुनियाद हिलनी चाहिए के माध्यम से उन्होंने छात्रओं पर हो रही हिंसा, भेदभाव के लिए जागृत करने का प्रयास किया, साथ ही सभी छात्रओं को भारत के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों से सीख लेने की बात कही जहां महिलाओं को तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित माहौल मिलता है। इसी कड़ी में कानूनी विशेषज्ञ के रूप में कुमारी स्वेक्षा शर्मा एडवोकेट द्वारा भी संविधान से लेकर नए कानून में भी महिलाओं के अधिकार,




पॉश अधिनियम, संस्थाओं के लिए विशाखा गाइडलाइन के नियमों की व्याख्या की।

उन्होंने किसी भी प्रताड़ना के लिए रिपोर्ट, सजा, अधिकार की जानकारी दी। छात्रओं ने हाइब्रिड मोड में कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की और प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल ने भी छात्रओं को मुखर होकर अपनी बात रखने और अपमान सहन ना करने के बारे में बताया। आज की छात्रएं कल की मजबूत महिला तभी बनेगी जब वह सुरक्षित माहौल में रह कर अपने अधिकारों को जान सकेगी। भुगोल विभागाध्यक्ष नीता कुम्हारे ने कहा कि छात्रओं को सम्मान पूर्वक जीने के लिए अपने अधिकारों को जानना आवश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय में गठित विमेन सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चेतना सोनी द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से किया। उन्होंने छात्रओं को ऑनलाइन शिकायत, शासन द्वारा संचालित शी बॉक्स की जानकारी प्रदान की जहां आसानी से अपनी शिकायत गोपनीय तरीके से भी की जा सकती है। सभी विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापन आई क्यूएसी प्रभारी डॉ अरुणेंद्र तिवारी द्वारा नारी सर्वत्र पूज्यंते के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में और तकनीकी सहयोग देने में मेज राम जोशी, प्रियम वैष्णव का सहयोग रहा।

इसके साथ ही कार्यक्रम डॉ नरेश धर दीवान, रजनीश तिवारी, डॉ आबिद हसन खान, डॉ लता मारकंडे, डॉ संतोष पांडे, ऐश्वर्य ठाकुर, मुकेश कठौतिया, मनोज यादव, पूरणमल शर्मा, गिरीश देशपांडे, कौशल कुमार, रामदेव भू आर्य, उमेश मंडावी, तामेश्वरी, कमलेश कुमार लोमन, चंद्रकला का सहयोग रहा। संपूर्ण कार्यक्रम में रासेयो की छात्रओं ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की। वर्क शॉप में शामिल सभी प्रतिभागियों को ई प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# सरकार का 2 वर्षों का सुशासन जनादेश परब 22 दिसंबर को जांजगीर में मनाया जाएगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

22 दिसंबर को विष्णु देव सरकार का जनादेश परब मनाया जाएगा। विष्णु देव सरकार के सुशासन के 2 वर्ष पूरे होने पर 22 दिसंबर राज्य सरकार द्वारा जनादेश परब बिलासपुर संभाग के जांजगीर जिले में मनाया जा रहा है।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित प्रदेश के मंत्री मंडल के सभी मंत्रीगण, बिलासपुर संभाग के सभी विधायक, निगम मंडल के अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में जनता शामिल होगी, राज्य सरकार द्वारा एवं जांजगीर जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए भाजपा संगठन की ओर से प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं सरकार की ओर से प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, खनिज निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने जांजगीर में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर 22 दिसंबर को होने वाले जनादेश परब की तैयारी के लिए विस्तृत कार्य योजना एवं चर्चा कर कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्य योजना तैयार की।

# संडे बाजार में जाम से जनजीवन प्रभावित, जनहित संघर्ष समिति ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ कार्रवाई के लिए भिलाई नगर सीएसपी को सौंपा ज्ञापन

बीच सड़क पर लगने वाले संडे बाजार को लेकर एक बार फिर हालात बिगड़ने लगे हैं। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि लंबे संघर्ष और प्रयास के बाद जिस संडे बाजार को सड़क से हटाया गया था, वहीं समस्या अब दोबारा जस की तस खड़ी हो गई है। कार्रवाई के लिए भिलाई नगर सीएसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निकट भविष्य में स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनहित संघर्ष समिति एक बार फिर जन आंदोलन करेगी। जल्द ही समिति के पदाधिकारी कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर जनता की समस्याओं से अवगत कराएंगे। शारदा गुप्ता ने बताया कि शराब दुकान और अव्यवस्थित संडे बाजार के कारण इस मार्ग पर रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। 100 फीट चौड़ी सड़क संडे बाजार और अवैध पार्किंग के चलते महज 10 फीट में सिमट जाती है।

रोज हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क पर चलने की जगह ही नहीं बचती। उन्होंने कहा कि सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर आम हो गई है। संडे बाजार में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। फल-सब्जी के ठेले भी सड़क के बीच खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। हालात यह हैं कि लोग रेंगते हुए निकलने को मजबूर हैं। यह सड़क पटरी पार क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र रास्ता है। इसी मार्ग से आईआईटी, रुंगटा कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी आते-जाते हैं। संयंत्र कर्मी, ट्यूशन जाने वाले बच्चे और आम नागरिक इसी सड़क पर निर्भर हैं। वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। इसी सड़क पर शराब दुकान स्थित है, जिसके कारण महिलाओं का आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। जनहित संघर्ष समिति की ओर से पहले इस रोड पर फ्लाईओवर की मांग की गई थी, लेकिन प्रशासन ने इसे नजरअंदाज करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी। अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्हें व्यवस्थित करने का साहस किसी में नजर नहीं आ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता सहित बृजमोहन उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, मदन सेन, विशालदीप नायर, आईपी मिश्रा, वशिष्ठ वर्मा शामिल थे।

# ट्विनसिटी के तीन प्रमुख होटलों से खाद्य विभाग ने लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खाद्य विभाग ने दुर्ग भिलाई के तीन बड़े होटलों का औचक निरीक्षण किया और वहां से खाने पीने की चीजें सैंपल के तौर पर लिया। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए सख्ती बढ़ा दी है।

■ जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया

आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट्स में जांच कर खाद्य नमूने संकलित किए।खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नेहरू नगर स्क्वेयर स्थित होटल गैन्ड ढिल्लन रेस्टोरेंट से ग्रीन चटनी एवं ब्रेड, झरोखा पैलेस से ओनियन ग्रेवी और चिकन बिरयानी और रेलवे स्टेशन स्थित सागर इंटरनेशनल से मिक्स वेज व टोमेटो सूप के नमूने लिए गए हैं। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं आगे भी खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2005 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आयुक्त ने उद्यान सहित ई-लाईब्रेरी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-5 अंतर्गत शहीद उद्यान, ई-लाईब्रेरी सहित पिंक उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा शहीद उद्यान का निरीक्षण किया गया। पूर्व दौरे में उद्यान के घॉस की कटाई-छटाई कराने निर्देशित किया गया था। वर्तमान में कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

आयुक्त ने ई-लाईब्रेरी का अवलोकन करते हुए आवश्यक छोटे कार्य को जल्द पूर्ण कराने निर्देशित किये है। जिससे आगामी समय में लाईब्रेरी का लोकार्पण किया जा सके। सड़क 40 में निर्मित पिंक उद्यान का अवलोकन किये। उद्यान के पेवर ब्लाक को व्यवस्थित करने, नये पौधे लगाने के साथ पौधो की सिंचाई हेतु पानी व्यवस्था सुनिश्चित कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्य सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### धान खरीदी केन्द्रों...

के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में अब तक रकबा समर्पण कराए गए कुल कृषकों की संख्या तथा एक टोकन वाले किसानों के अलावा 02 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ से अधिक वाले कुल किसानों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अपने धान की बिक्री कराने पहुंचे किसान दीपक यामले से बातचीत कर उन्हें आज धान की बिक्री करने के पश्चात शेष रकबे का समर्पण करने की समझाईश दी। किसान यामले द्वारा आज बिक्री हेतु लाए गए धान के अलावा उनके घर में रखे गए लगभग 130 क्विंटल धान की बिक्री भी किसी अन्य दिवस पर करने की जानकारी दी गई।

इस पर कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं अन्य अधिकारियों की टीम किसान के घर भेजकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिससे कि किसी भी प्रकार की अवैध धान की खरीदी बिक्री न हो सके। मिश्रा ने किसानों द्वारा पहले टोकन में धान बिक्री के पश्चात दूसरे टोकन कटाए जाने पर सत्यापन के उपरांत ही इन कृषकों के धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रो को प्रतिदिन इसका रिपोर्ट इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को नमी मापक यंत्र के माध्यम से बिक्री हेतु लाए गए धान की नमी जाँच करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु लाने की समझाईश दी। इस दौरान मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा में पहुँचकर नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं निगरानी समिति के सदस्यों से धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने रकबा समर्पण पंजी का अवलोकन कर अब तक रकबा समर्पण कराए गए कुल किसानों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने नोडल अधिकारी एवं निगरानी समिति के सदस्यों को प्रतिदिन सुबह अनिवार्य रूप से धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डबल टोकन काटे जाने की स्थिति में रकबा सत्यापन के उपरांत ही संबंधित कृषक का धान की खरीदी कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक धान बिक्री करने वाले किसानों की कुल संख्या एवं खरीदी की कुल मात्र के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पिछले वर्ष की औसत धान खरीदी की मात्र आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को धान की बिक्री के उपरांत शेष रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण करने की समझाईश दी। इस मौके पर धान बिक्री के उपरांत अनेक किसानों का शेष रकबे का समर्पण भी कराया गया।

### जिले में आज से...

फिर लौट सकता है। बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसीलिए पल्स पोलियो दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिले में शून्य से पाँच वर्ष के आयु के अनुमानित 78 हजार 388 बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विकासखण्डवार बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत विकासखण्ड बालोद में 11899, डौंडी में 14742, डौंडी लोहारा में 18731, गुण्डरदेही में 19427 एवं विकासखण्ड गुरूर में 13589 बच्चों को पोलियो वैक्सीन से प्रतिरक्षित किया जाएगा। इस प्रकार कुल 78 हजार 388 बच्चों को 743 बुथ एवं 2531 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं अन्य सहयोगी द्वारा पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके अंतर्गत जिले में 96 सेक्टर बनाये गये हैं। सेक्टर स्तर पर चिकित्सा अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही ट्रांजिट स्थल बस स्टैण्ड और मुख्य चौराहा, मेला एवं बाजार स्थलों पर पोलियो ड्राप पिलाने हेतु टीम का गठन गया है। इसी प्रकार ईंट भट्टा, निर्माणाधीन क्षेत्रें और संवेदनशील क्षेत्रें में भी मोबाईल टीम लगाई गई है।

विकासखण्ड स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं प्रत्येक विकासखण्ड के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये है विकासखण्ड बालोद के लिए डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी, विकासखण्ड गुरुर के लिए डॉ. जीआर. रावटे, जिला मलेरिया अधिकारी, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के लिए अखिलेश शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड गुण्डरदेही के लिए डॉ. अरविंद मिश्रा, जिला सलाहकार, विकासखण्ड डौण्डी के लिए सूर्यकान्त साहू, जिला सलाहकार मलेरिया कार्यक्रम को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए दायित्व सौंपा गया है।

### आवारा कुत्तों के...

में आवारा कुत्तों का चिन्हांकन कर उन्हें रेबीज़ से बचाव हेतु टीका लगाया जा रहा है।

अभियान के तहत शासन के निर्देशानुसार आवारा कुत्तों की नसबंदी, कृत्रिम गर्भनिरोधक दवापान तथा नियमित टीकाकरण की कार्यवाही चरणबद्ध रूप से की जा रही है। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तथा डॉग्स फीडिंग पॉइंट्स (खाना खिलाने के निर्धारित स्थल) भी चिन्हांकित किए गए हैं, जिससे पशु कल्याण के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अभियान के प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 एवं 5 के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 24 आवारा कुत्तों का चिन्हांकन कर सफलतापूर्वक रेबीज का टीकाकरण किया गया। नगर पालिका एवं पशुधन विभाग की इस संयुक्त पहल को स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना मिल रही है, जिससे शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश गया है।इस अवसर पर संयुक्त टीम में स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, पशु चिकित्सा अधिकारी बी. पी. पटेल, पशु चिकित्सा विभाग के स्टाफ दीपक रावटे, सुषमा कुंजाम, नगर पालिका स्टाफ जीतू, योगेश, ईश्वर सहित संपूर्ण स्वान स्क्वाड की टीम उपस्थित रही। नगर पालिका प्रशासन ने आगामी दिनों में शेष वार्डों में भी अभियान जारी रखने की बात कही है, ताकि दल्ली राजहरा को सुरक्षित एवं पशु-मैत्री शहर बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### शहीद वीर नारायण सिंह का शौर्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की शौर्य दिवस मनाया गया। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू थे। मुख्यअतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और पराक्रम की अमर कहानी है। आयोजन में अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, पुष्पलता पिंटू जांगड़े, उपसरपंच लक्ष्मण कोठारी, देवेशवरी, सोहद्रा, तारनी पंच खिलावान धुरव, रवि, सोनशाय साहू, कमलेश यादव, अभिषेक सेन विशेष तौर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के संचालन शीतल कोठारी ने किया।

### आज से 13वीं राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**बालोद/सिकोसा।** 13वी राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर ग्राम हल्दी में किया जाएगा। एकता खोखो क्लब के तत्वाधान में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक खो खो प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ से समस्त जिलों से महिला एवं पुरुष सीनियर खो खो टूर्नामेंट होगे। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष एथलेटिश संघ छत्तीसगढ़ सौरभ लूनिया, अध्यक्ष खो खो संघ बालोद आशुतोष माथुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष टोमन साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश सांवरे शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम में एकता खोखो क्लब हल्दी संरक्षक, सरपंच, हल्दी एकता खो खो क्लब अध्यक्ष ईश्वर लाल ठाकुर, सचिव जनक लाल

## निधन

### दुखिया बाई कंवर

**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार निवासी दुखिया बाई कंवर 80 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया है वे हेमंत कुमार कंवर वेदराम कंवर की माता थी जिनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे की गई स्वजन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### चंदादेवी चौरड़िया

**बालोद।** जैन श्री संघ के प्रतिष्ठित चौरड़िया परिवार की धर्मनिष्ठ चंदादेवी चौरड़िया 77 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार आज 21 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम मे किया जाएगा। वे प्रेमचंद एवं भीखम चौरड़िया की भाभी, प्रदीप चौरड़िया एवं राकेश चौरड़िया की माता थी।



### न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

### राजस्व मामले में नोटिस

रा.प्र.क्र. 202510110500050
अ/6 वर्ष-2024-25
ग्राम नाहनाचंडी तहसील अभनपुर

**प्रति,**
श्रीमति कविता बंजारे पति स्व. मन्नू राम बंजारे निवासी मिडिल स्कूल गुण्डरदेही तह गुण्डरदेही, जिला बालोद छ.ग.

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक सरजू राम वल्द धनीराम निवासी नाहनाचंडी तह अभनपुर जि रायपुर द्वारा ग्राम नाहनाचंडी प.ह.न. 12 रा.नि.म. व तह अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 152/1, 697 रकबा 0.78, 0.210 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में सरजू राम वल्द धनीराम व अनावेदक लोकनाथ व अन्य वगै. के नाम पर शामिलात खाता में दर्ज है। उक्त भूमि का खाता विभाजन करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत न्यायालय में किया गया है।

अतः आप नियत पेशी दिनांक 24/12/2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

---

**आयोजन : राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत व जिला पदाधिकारी रहीं मुख्य अतिथि**

# पंच परिवर्तन व सप्तशक्ति संगम को जनव्यापी बनाने हुआ मातृ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पंच परिवर्तन एवं संप्तशक्ति संगम को जनव्यापी बनाने के लिए 20 दिसंबर शनिवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। अतिथि राष्ट्र सेविका समिति प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले, जामगांव आर शासकीय कालेज प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल एवं राष्ट्र सेविका समिति जिला कार्यवाहिका राखी विश्वास थे।

समारोह में आरएसएस के अतुल नागले, विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मातृ सम्मेलन में परिचयात्मक पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति संगम के सात बिंदु क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता विधार्थियो। श्रीजल चांदनी, ख्याती, मोनिका, क्षमा, जानवी, पूर्वी, तृषा, नूतन, चारुशिखा, लोकाम्या पूर्वीसिंह ने मोटिवेशनल प्रस्तुति दिए जिसे सर्वत्र सराहा गया।

अतिथियों ने समवेत स्वर में कहा कि संस्कारित शिक्षा के माध्यम से पंच परिवर्तन और सप्तशक्ति संगम का उपहार संतान को देने महती भूमिका निभाए माताएं। 10 बजे के पहले आगमन वाली माताओं का आगमन ड्रा निकालकर 3 माताओं सरिता लोकेश्वर साहू, नेहा मनीष चंद्रांकर, देवकी जितेंद्र बंजारे को उपहार भेंट कर अतिथियों ने सम्मानित किया। राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार और उज्ज्वल भविष्य देने के लिए पर्यावरण स्वच्छता का उपहार अवश्य दे। जिससे प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके और पूरा परिवार समाज देश हिष्ट पुष्ट बलिष्ठ सदा बने रहे।

जामगांव आर शासकीय कालेज प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने कहा कि कुटुंब को सहेजने और दिशा देने में मातृशक्ति महती भूमिका निभाती थी जो अनवरत जारी रहनी चाहिए। हमारे पूर्वजों का एक जमाना था जब भोजन और भजन परिवार साथ बैठकर किया करते थे। स्नेह प्यार आदर की गंगा प्रवाहित होती थी। जीवन में आने वाली समस्याएं चुटकी में बिदा हो जाया करती थी। घर की महिलाओं में दादी सास, सास,बड़ी सास,काकी सास, जेठानी देवरानी ननंद पुरुषों में दादा पिता भाई देवर जेठ नाना प्रकार के रिश्तों के घर परिवार कुटुंब महकते रहता था। एकल परिवार की तीव्र गति से दौड़ लगा रही जमाने में कुटुंब की कल्पना बेमानी सी लगने लगी है। इतिहास के पन्ने की धरोहर सी लगने लगी है। इसे पुनः जीवंत करने के लिए मातृ शक्ति को उनके शौर्य का स्मरण कराके पुनः स्थापित करने अलग जगाने का काम मातृ सम्मेलन के जरिए सरस्वती शिशु मंदिर सचेतक की अपनी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यथायोग्य अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए समाज में रिश्तों की मिठास को उत्तरोत्तर गति देनी चाहिए। राष्ट्र सेविका समिति दुर्ग जिला कार्यवाहिका राखी विश्वास ने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि की केंद्र बिंदु में रही है। नारी तू नारायणी है इस भाव को जागृत करते हुए क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता के लिए सक्षम मातृशक्ति को प्रेरित करते हुए संस्कार की बलिष्ठ अवधारणा को पुष्ट करने जागृति अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि नारी दो कुल को संवारती है इनसे मिलने वाली दिशा समाज को संस्कारित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाने में सक्षम है। संप्तशक्ति संगम की केंद्र में समाहित महिलाए पूर्ण जागरूकता के साथ अपने संतान का भविष्य संवारने भ्रम भ्रांति से बाहर आए संस्कारित शिक्षा से संतान का नींव मजबूत करे। आभार आरएसएस भिलाई के अतुल नागले ने किया।





**बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही**

इस अवसर पर नंदनी साहू, अमरीका पटेल, लोमिन साहू, पूर्णिमा साहू, मुक्ता देवी, दामिनी, कीर्ति साहू, गेमेश्वरी देवांगन, गोदावरी कौशले, जमुना सोनवानी, संतोषी नायक, हेमलता मार्कण्डेय, खिलेश्वरी साखरे, सीमा सरिता, जैनेश्वरी, ऋतु रात्रे, पद्मनी श्रीवास्तव, प्रतिमा, सरिता यादव, अंजू पटवा, देवकी, तिलेश्वरी, धनेश्वरी, मोहिनी यादव, सोहदरा, हुनेश्वरी, देवंतीन सेन, आशा ठाकुर, पद्मा साहू, डामीन सिन्हा, सरोज, उर्वशी, दीपशिखा, चित्ररेखा साहू, पुष्पा, नंदनी ठाकुर, काजल, प्रीति, प्रिया, कलावती, रेवती बारले, गायत्री साहू, लिलेश्वरी कुर्रे सहित काफी तादात में मातृ शक्ति उपस्थित थे।

## ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसके प्रवचन कर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा होंगे परायण कर्ता पंडित घनश्याम शर्मा। कथा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शनिवार को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम की माताएं सिर पर कलश धारण कर बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा किया गया।



कथा में प्रथम दिवस कलश यात्रा गौकरण पूजा विधि पूजा हुआ। द्वितीय दिवस सुखदेव जन्म परीक्षित श्राप कथा होगा। तृतीय दिवस धुरव चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा होगा। चतुर्थ दिवस वृषभ अवतार, जड़ भरत प्रसंग कथा होगा। पंचम दिवस कृष्ण जन्मोत्सव होगा। षस्टम दिवस श्री कृष्ण बाल लीला कथा होगा। सप्तम दिवस रुक्मणी मंगल कथा होगा। अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चौधरी शोभायात्र एवं नवम दिवस गीता प्रवचन, नौ कन्या भोज हवन पूर्णाहुति की जाएगी।

भागवत कथा स्व. दया राम साहू, लीलाबाई साहू की स्मृति में ईश्वर लाल साहू गंगा साहू द्वारा किया जा रहा है। कथा में बृजराज साहू, लता साहू, भीषम साहू, मोनिका साहू, गुलशन तारिणी साहू, सुनील भारती, देवेंद्र, भावना, शेखर, रुची एवं समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहेगा।

## गुड गवर्नेंस वीक के तहत नपा में शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में 19 से 25 दिसंबर 2025 तक प्रशासन गांव की ओर 2025 थीम के अंतर्गत गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह) का राष्ट्रीय स्तर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में नागरिक-केंद्रित प्रशासन को मजबूत करना, जन शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना तथा सेवा प्रदाय प्रणाली में ठोस सुधार लाना है। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि सुशासन सप्ताह के माध्यम से आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में जन्म-मृत्यु पंजीयन, व्यापार अनुज्ञप्ति, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जल कर एवं संपत्ति कर सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित समस्याओं की पहचान की गई। द्वितीय चरण में 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित शिविरों के माध्यम से चिन्हित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के दौरान लोक निर्माण विभाग से संबंधित एक आवेदन भी प्राप्त हुआ, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। शिविर में नोडल अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, सहायक नोडल अधिकारी बुद्धिमान सिंह सहित इंद्र यादव, अब्दुल कलीम, आनंद साहू, चिरंजीवी साहू, अभिजीत भगत, रतन चौधरी, सूरज सिन्हा, अकबर अली, लक्ष्मी सिन्हा, मंजू कोसरे, कंचन निर्मलकर सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कबीर पंथ समाज ने सीएम व विस अध्यक्ष को सौंपा आमंत्रण पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

छ.ग. के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री व विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर संत समागम में शामिल होने के लिए कबीर पंथ समाज ने आमंत्रण पत्र सौंपा गया।

कबीर पंथ साहू समाज के अध्यक्ष सतीश साहू ने बताया कि सत्संग समारोह एवं छ.ग. कबीरपंथी साहू समाज प्रदेश स्तरीय वार्षिक अधिवेशन तीन दिवसीय 9,10, एवं 11 जनवरी को आयोजित की गई है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सुबह 9 बजे, शोभायात्रा युवा कबीर सेवाथएँ संघ, बालक बालिका एवं समाज के महिला, पुरुषों द्वारा निकाली जाएगी, दोपहर 2 बजे से आमंत्रित पूजनीय संत गणों धर्माधिकारी कबीर आश्रम खरसिया सुधाकर साहेब जी, कबीर आश्रम पोतियाडीह धमतरी त्रिलोकी साहेब, कबीर मठ नादिया सत्येंद्र साहेब द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रवचन का रसपान करेंगे। द्वितीय दिवस पर गुरु सूरत गुजरात भूषण साहेब एवं प्रेम दास शास्त्री साहेब द्वारा गुरु पूजा, भेट बंदंगी गुरु आरती कर प्रवचन का रसपान करेंगे, अतिथियों का स्वागत, सम्मान, सामाजिक परिचर्चा, कबीर प्रश्न मंच एवं संध्या आरती होगा। तृतीय दिवस अतिथियों का सम्मान समारोह, युवक युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह एवं सात्विक चौका आरती के बाद समापन होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश साहू, उपाध्यक्ष गुलशन कुमार साहू, सचिव घना राम साहू, थानसिंह मंडावी, शम्भु साव, छम्मन दास साहू उपस्थित थे।

## पाटन में हुआ जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पाटन के विश्राम गृह में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के पत्रकारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सम्मेलन का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष ललित साहू के नेतृत्व और पाटन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल साहू तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तेलचित्र पर पुष्पमाला अर्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। संभाग अध्यक्ष छगन साहू ने अपने संबोधन में संगठन की एकजुटता और मजबूती पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों पर चिंता व्यक्त की और संगठन के विस्तार व नए पत्रकार साथियों को जोड़ने पर बल दिया। सम्मान समारोह में उपस्थित सभी पत्रकारों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने सामूहिक भोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता और सभी को साथ लेकर चलना संघ का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया और आयोजन की सराहना की। वहीं पाटन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल साहू ने भी सम्मेलन में शामिल सभी पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में सौ से अधिक पत्रकारों की सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं यादगार बन गया।इस कार्यक्रम में उपस्थित उतई, अंडा क्षेत्र से रोशन बम्भोले, घनश्याम गजपाल, संजय कुमार साहू, देवेन्द्र पटेल, लेखराम सोनवानी, उदय कुमार साहू, राजेश बंजारे, मुकेश साहू सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## नेवारीकला में सोनकर समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आदर्श विवाह एवं समाज में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सामाजिक वरिष्ठ जनों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मंचीय कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सांस्कृतिक लोक कला मंच लोकमंजरी की प्रस्तुति भी होगी। मंचीय कार्यक्रम के बाद सामाजिक न्याय पंचायत की कार्यवाई संपन्न किया जाएगा। जिसमें सर्वप्रथम आगामी महाधिवेशन की तिथि एवं व्यवस्था निर्धारण किया जाएगा, जिसके बाद समाज के द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं के वित्तीय वर्ष 24–25 के आय व्यय की जानकारी सभा पटल पर रखी जाएगी तत्पश्चात सामाजिक प्रकरण पर विचार करते हुए निराकरण की कार्वाई की जाएगी। कार्यक्रम 22 दिसंबर तक निरंतर संचालित होगा।

## धान खरीदी में परिवहन की कमी से माहूद बी केंद्र में जाम की स्थिति



**बालोद।** धान का उठाओ नहीं होने से जाम की स्थिति धान खरीदी केन्द्र माहूद बी में बनी हुई है। सेवा सहकारी समिति माहूद बी में धान खरीदी प्रारंभ हुए करीब एक माह हो गया परंतु अभी तक शासन के द्वारा धान का परिवहन नहीं किया गया। जिससे जाम की स्थिति बनी हुई है। जहां समिति में 67652 हजार क्विंटल का लक्ष्य रखा गया। परंतु अभी तक 20310 हजार क्विंटल ही खरीदी हो पाया, लिमिट अभी वर्तमान में 1100 सौ क्विंटल है। समय रहते नहीं बढ़ाया गया तो खरीदी बंद हो सकती है। किसानों के द्वारा टोकन काटने ऑनलाइन मे परेशानी हो रही है लिमिट को बढ़ाया जाए ताकि खरीदी सुचारू रूप से संपन्न समय सीमा में हो सके। वही शासन प्रशासन से किसानों ने कहा बरबसपुर, पेंड्री, बरबसपुर धान खरीदी केंद्र में 1079 हजार क्विंटल का लिमिट है जो की काम है 60019.60हजार क्विंटल का लक्ष्य अब तक खरीदी 18273 हजार क्विंटल हुआ। परिवहन कुछ भी नहीं हुआ। जिससे जाम की स्थिति बनी है अति शीघ्र परिवहन किया जाए ताकि खरीदी सुचारू रूप से हो सके। अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रबंधक दुर्योधन सिंह पटेल, ऑपरेटर आशकरण कुंभकार ने बताया बरबसपुर, बोरगहन, कजराबांध, चाराचार के किसान धान बिक्री करने बरबसपुर पहुंचते हैं।

## श्रीराम ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले में विदर्भ ने बिहार को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित श्रीराम ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को बिहार बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला गया। लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले ने दर्शकों को आखिरी गेंद तक रोमांचित रखा, जहां सुपर ओवर में विदर्भ ने बाजी मारते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और महज 50 रनों पर उसके पांच विकेट गिर गए। संकट के समय छठे विकेट के लिए पार्थ और वैभव साहू के बीच 92 रनों की शानदार साझेदारी हुई। वैभव साहू ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 61 रनों की अहम पारी खेली, जबकि दिग्विजय ने 25 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निर्धारित 25 ओवर में विदर्भ ने 9 विकेट खोकर 198 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की टीम भी शुरुआत में लड़खड़ा गई और उसके तीन बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। इसके बाद चौथे विकेट के लिए गोलू मिश्रा और गोपी कृष्णन के बीच 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। गोलू मिश्रा ने 77 रन और गोपी कृष्णन ने 42 रनों का योगदान दिया। बिहार की टीम भी 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 198 रन ही बना सकी, जिससे मुकाबला टाई हो गया और निर्णय सुपर ओवर से हुआ। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 13 रन बनाए। जवाब में विदर्भ ने एक विकेट खोकर 14 रन बनाते हुए मैच जीत लिया और फाइनल के लिए प्रवेश किया। वैभव साहू को शानदार 61 रनों की पारी और सुपर ओवर में निर्णायक प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पुरस्कार नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र टेकाम, संस्था अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष जसराज शर्मा एवं दिनेश टाक ने प्रदान किया। मैच की कमेंट्री अनिल चोपड़ा व बालोद के महेश कुमार देवांगन ने की, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी इश्हाक हुसैन, फरीद सिद्दीकी और अजय छेदाम ने निभाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को मुंबई बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी धीरेन टाक ने दी।



## भाजपा के अकबर तिगाला बने प्रदेश मंत्री

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुसंशा पश्चात अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मखबूल इकबाल खान ने अपनी टीम की घोषणा की है। जिसमे बालोद जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अकबर तिगाला को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। नियुक्ति पश्चात वरिष्ठ नेताओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनकी नियुक्ति पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पवन साहू, लघु वनोपज संघ उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, कुमारी बाई साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, कमल पम्पालिया, अमित चोपड़ा अरुण साहू, रौनक कतयाल सहित जिले के अनेक नेताओ व कार्यकर्ताओ ने हर्श व्यक्त की।



सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



### शाला अंगारी में नेवता भोज कराया गया

**लाटाबोड़।** शासकीय प्राथमिक शाला अंगारी में 20 दिसंबर को बच्चों के लिए बाल नेवता भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम किशन लाल साहू द्वारा अपनी बिटिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण एवं ग्राम के नागरिकों ने बच्चों के साथ बैठकर खीर, पूरी, केला, दाल, चावल, सब्जी एवं सलाद सहित नेवता भोज का आनंद लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा, जिसे "बाल देव भवः" की भावना के रूप में बताया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक चंद्रहास साहू, सदस्य साहू, महेश्वरी साहू, अनिल देवांगन, शिक्षक विजय सोनखुटिया, जागेश्वर पटेल, चतुर नेताम, सोहद्रा डडसेना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रकली निषाद सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### अरमरीकला में वार्षिक उत्सव एवं छात्र सम्मान समारोह आयोजित



**गुरूर।** प्रधानाचार्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय अरमरीकला द्वारा वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बाजार चौक कला मंच अरमरीकला में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति कृशि स्थायी समिति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला धनेन्द्र साहू थे।

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज



**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में पौष शुक्ल पक्ष एक 21 दिसंबर रविवार को चंद्रदर्शन महाआरती संध्या 7:30 बजे से प्रारंभ होगी। श्री रामदेव बाबा धर्मार्थ सेवा समिति बालोद व मंदिर आयोजन समिति के बाबूलाल जैन ने महाआरती में सभी भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

**जयंती : सतनामी समाज के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की रही विशेष उपस्थिति**

# मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर मनाई गुरु घासीदास की 269वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर 18 दिसंबर को सिकोसा, फुलझर और हल्दी में सतनामी समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी जगह कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर रहीं मुख्य अतिथि

इस दौरान उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर माथा टेककर और जैतखाम की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि विश्व के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने श्मनखे–मनखे एक समानश का संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, ऊंच–नीच और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि बाबा के बताए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के पदाधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर सभी को बाबाजी के संदेशों को आत्मसात करने तथा शांति और भाईचारे के साथ रहने की बात कही। इस अवसर पर फुलझर के गुरु घासीदास जयंती एवं मंडई कार्यक्रम में जनपद सदस्य ममता सेन, सरपंच राजेश्वरी पाडोटी, सतनामी समाज अध्यक्ष फुलझर उज्यलिक जोशी, जिला सतनामी समाज महासचिव संजय जोशी, पंच खोमेश्वरी जोशी, उपसरपंच बिसेलला साहू, गैंद सिंह बारले, मुरलीधर साहू, पूर्व सैनिक हेमंत साहू, राम कैलाश ठाकुर, पीताम्बर जोशी, पंथी पाटएँ के सभी लोग सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं सिकोसा में सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष संजय बारले, आसिफ गहलोत, प्रीतम ठाकुर, ममता चंद्राकर, आरोप चंद्राकर, विजय बारले, रोहित टंडन, संजय शर्मा तथा समाज के लोग, ग्राम हल्दी के कार्यक्रम में बालिका मंडावी, कन्हैया साहू, नंदकुमार साहू, किशोर देशलहरा, द्वारिका देशलहरा सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

इसी प्रकार ग्राम बोरगहन में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, प्रतिमा देशलहरा, भोजराम, संतराम चंद्राकर, रामेश्वर चंद्राकर, बलराम अंगारे उपस्थित थे।





## ग्राम हड़गहन में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के ग्राम हड़गहन में सतनामी समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत बाबा घासीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। उक्त जयंती समारोह में बालोद की जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति कांति सोनबरसा, जनपद पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीहोहरा प्रभा नायक, सभापति जिला पंचायत बालोद शकुंतला बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत हड़गहन अनूपी भूआर्य, जनपद सदस्य शोभित यादव, जनपद सदस्य नंदकुमार ठाकुर, पूर्व सरपंच टिनेश्वर बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालोद सुरेश साहू, मण्डल अध्यक्ष सुरेगांव सीआर गौतम, सेवानिवृत शिक्षक रामलाल नायक, प्रकाश सोनबरसा, बेदलाल देवांगन, पंथी पाटएँ के कलाकार तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अन्य अतिथियों के साथ सर्वप्रथम जैतखंभ एवं बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्घि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने ऊंच–नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। वे सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। घासीदास जी के उपदेश समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए वर्तमान युग में भी आवश्यक हैं। गुरु घासीदास जी के व्यक्तित्व एवं शिक्षाओं को समझकर अपने व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। वे सामाजिक समरसता के प्रणेता हैं। गुरु घासीदास जी को युग दृष्टा के रूप में वर्तमान युग से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि उनके उपदेश आज भी मार्गदर्शक हैं। जिला पंचायत सदस्य कांति सोनवर्षा ने कहा कि बाबा घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने से ही सामाजिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे–मनखे एक समान का संदेश देकर विभिन्न समाजों को एक माला में पिरोने का कार्य किया। जिला पंचायत सभापति प्रभा नायक ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने प्रेरक संदेश में कहा था कि सत्य ही मानव की असली आभूषण है। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी बनने की उन्होंने प्रेरणा दी थी। उनके विचार सिर्फ एक समाज नहीं अपितु संपूर्ण मानव समाज के लिए है। इस दौरान बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/सिकोसा

गुरु घासीदास बाबा की 269 वी जयंती ग्राम हल्दी मे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति अश्विनी कुमार कटहरे, गांव की सरपंच बालिका मांडवी, ग्राम विकास समिति का अध्यक्ष नंद कुमार साहू, ग्राम पंचायत हल्दी के उप सरपंच एवं पंचगन भाजपा मंडल सिकोसा के मंत्री कमलेश डडसेना, सतनामी समाज के अध्यक्ष भगत बंजारे, समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित होकर बाबा जी की जयंती को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य पंथी नृत्य का आयोजन एवं रात्रि कालीन नाच पाटएँ का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बाबा जी के संदेश को अपने जीवन में चरितार्थ करने का अनुरोध किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने समाज एवं ग्राम के समस्त मांगों को जल्द

## गुरु घासीदास की जयंती ग्राम हल्दी में धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 269 वी जयंती ग्राम हल्दी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति अश्विनी कुमार कटहरे, सरपंच बालिका मंडावी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, ग्राम पंचायत हल्दी के उप सरपंच एवं पंचगण भाजपा मंडल सिकोसा के मंत्री कमलेश डडसेना सतनामी समाज के अध्यक्ष भगत बंजारे समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वही रात्रि कालीन नाच पार्टी का आयोजन किया गया उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बाबा जी के संदेश को अपने जीवन में चरितार्थ करने का अनुरोध किया वही जिला पंचायत अध्यक्ष ने समाज एवं ग्राम के समस्त मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया।



**विधायक ने गुरु घासीदास बाबा के संदेश "मनखे–मनखे एक समान" को जीवन में अपनाने की अपील की**

## संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर जोड़ा जैतखाम किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम पड़कीभाट में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पावन अवसर पर जोड़ा जैतखाम लोकार्पण कार्यक्रम में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा व जिला अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी शामिल होकर क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति और खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बाधने का कार्य किया है। संत गुरु घासीदास बाबा ने समुचे जगत की कल्याण का रास्ता दिखाया है उनका संदेश मनखे–मनखे एक समान आपसी भाईचारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। बाबा जी की अमृतवाणी को हम सभी अपने जीवन में उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता एकता व समृद्धि का मार्ग दिखाया है जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बंधने को और आपसी भाईचारा को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य निर्मला बंजारे, वैभव साहू, राकेश उईके, हेमंत यादव, रामचंद मारकंडे एवं सतनाम समाज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।





### ग्राम चिचबोड़ में 5 जनवरी को मड़ई का आयोजन

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ मे 5 जनवरी सोमवार को मेला मड़ाई का आयोजन रखा गया है। ग्रामीण ताम्रध्वज ने बताया वही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढी नाचा पार्टी मां के ममता (चिखली) बांधाबाजार वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग–सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

**स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सामुदायिक भवनों में पोलियो दवा पिलाई जाएगी**

## गुरूर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए पोलियो अभियान की शुरुआत आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

विकास खण्ड गुरूर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जेएल ऊइके के मार्गदर्शन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के निगरानी में पल्स पोलियों अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को 21 दिसंबर दिन रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों ,सामुदायिक भवन स्कूल मुख्य बस स्टैंड व अन्य जगहों पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी एवं 22 व 23 दिसंबर को घर भ्रमण कर छूटे हुए सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।



यह दवाई सुरक्षित है किसी प्रकार की कोई प्रतिकूल प्रभाव है उक्त अभियान हेतु विकास खण्ड में कुल 149 बूथ बनाया गया है जिनके सतत निगरानी व रिपोर्टिंग हेतु 18 सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

साथ ही विकास खण्ड स्तर से खंड चिकित्सा अधिकारी, विकास खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर भ्रमण कर निगरानी करेंगे एवं चिकित्सा अधिकारीयो को जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। विकास खण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां रिपोर्टिंग कार्य के साथ अभियान की गतिविधियों पर आवश्यक सूचना व सहयोग प्रदान किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती ने बताया कि यह रोग पोलियोमाइलिटिस रोग है जो तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है जिनसे लकवा या अंगाघात कहते हैं, यह एक विषाणु जनित रोग है जो खासकर संक्रमित बच्चे के मल से छींकने से संक्रमित कर सकता है इनका अभी तक किसी प्रकार का ईलाज नहीं है सिर्फ इसे पोलियो खुराक व टीकाकरण कर रोका जा सकता है, वर्तमान में भारत पोलियों मुक्त हो चुका हैं किंतु पड़ोसी देशों में आज भी पोलियो के प्रकरण मिल रहे हैं, इसीलिए सुरक्षा की दृष्टि कोण से यह अभियान चलाया जा रहा है इसलिए सभी अभिभावकों व समुदाय के लोगों को अपील किया जाता है कि अपने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलावे और अभियान को सफल बनाने में योगदान देवे।

### यात्री प्रतीक्षालय के लिए किया भूमिपूजन

**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के भक्त माता कर्मा वार्ड 8 में यात्री प्रतीक्षालय हेतु भूमिपूजन किया गया। यहां पार्षद निधि राशि की 3 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। उक्त प्रतीक्षालय शीतला माता मंदिर तालाब के पास झंडा चौक अमलेश्वरडीह में बनेगा।

